13/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आज विश्व रेडियो दिवस है। हर साल 13 फरवरी को लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के माध्यम से सूचना तक पहुँच को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस साल विश्व रेडियो दिवस की थीम है - **'रेडियो और जलवायु परिवर्तन'**। विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना के प्रसार के माध्यम से रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि **'समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है जो रचनात्मकता को बढ़ावा देता हैं।'** इधर आकाशवाणी ईटानगर में भी विश्व रेडियो दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिपार्टमेंट ऑफ़ फ़ोरेस्ट्री NERIST के डीन डॉ. पी.आर. गजुरेल ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्य में इस अभियान में रेडियो की बड़ी भूमिका रहेगी। इस अवसर पर आकाशवाणी ईटानगर के स्टेशन हेड एन. रामनजनप्पा ने आकाशवाणी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में पिछले कुछ दिनों से भारी बर्फबारी जारी रहने के कारण यातायात बाधित हो रही है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नावांग छोट्टा के अनुसार, खराब मौसम के कारण अब तक किसी भी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है। हालांकि, भारी बर्फबारी के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे वाहनों की आवागमन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है। तवांग में आज तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की खबर है। जिला प्रशासन ने पर्यटकों से आवश्यक सावधानी बरतने, मौसम की स्थिति के बारे में अपडेट रहने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधिकारिक सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। तवांग की यात्रा की योजना बना रहे पर्यटकों को अत्यधिक ठंड और प्रतिकूल मौसम के कारण संभावित देरी के लिए तैयार रहने की सलाह भी दी गई है।

000000000000000000000000

पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग ने कल ईस्ट सियांग जिले के रुक्सिन सब डिविजन के अंतर्गत निगलोक ग्राम पंचायत में सस्टैनेबल डेवेलपमेंट गोल्स के स्थानीयकरण के लिए सामुदायिक परिसंपत्तियों के कार्यान्वयन की आधारशिला रखी। इसके तहत, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण और अन्य पर्यावरण अनुकूल प्रयासों के माध्यम से 'हरित और स्वच्छ गांव' का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना को राज्य के संसाधन अनुदान वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीन प्रतिशत एलएसडीजी के तहत वित्त पोषित किया जाएगा।

अपने संबोधन में, श्री तासिंग ने कहा कि स्थायी स्वच्छ और हरित गांव के सफल कार्यान्वयन से निगलोक एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करने और पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000000

आईसीएआर-राष्ट्रीय मांस अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित और राज्य पशुपालन, पशु चिकित्सा और डेयरी विकास विभाग और सुरक्षा किरण पशु कल्याण सोसायटी के संयुक्त रूप से हाल ही में पशुपालन, मांस स्वच्छता, पशु कल्याण कानून और पशुओं के वैध परिवहन पर केंद्रित एक व्यापक कार्यक्रम का आयोजन निर्जुली में पशुपालन, पशु चिकित्सा और डेयरी विकास निदेशक (एएचवी और डीडी) के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया।

0000000000000000000000000

सरकार ने आज कहा कि जल जीवन मिशन के तहत देश के 19 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों में से 15.45 करोड़ से अधिक परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा कि 2019 में मिशन की शुरुआत के समय केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल से जल कनेक्शन थे। उन्होंने यह भी बताया कि मिशन के तहत अब तक लगभग 12.22 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

0000000000000000000000000

संसद के बजट सत्र का पहला चरण आज समाप्त होने के साथ ही लोकसभा अगले महीने की 10 तारीख तक के लिए स्थगित हो गई। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सत्र के पहले चरण में 112 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई है। उन्होंने सदन को बताया कि संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 177 सदस्यों ने 17 घंटे से अधिक समय तक हिस्सा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि आम बजट 2025-26 पर चर्चा में 170 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

000000000000000000

आयकर विधेयक 2025 आज लोकसभा में पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निचले सदन में विधेयक पेश किया। विधेयक पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नए कानून में मौजूदा आयकर अधिनियम की तुलना में कम धाराएँ और अध्याय हैं, और इसे आम लोगों की समझ के लिए सरल बनाया गया है। सुश्री सीतारमण ने प्रस्ताव दिया कि विधेयक को आगे की जांच के लिए संसद की प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए, और तदनुसार, समिति को अगले सत्र के पहले दिन इस पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में धाराओं की संख्या 536 है, जबकि 1962 के आयकर अधिनियम में 819 धाराएँ थीं।

0000000000000000000000000